इसरो के वैज्ञानिक ने बताया भारत का अंतरिक्ष रोड मैप:लखनऊ में बोले- 2035 तक बनेगा अपना स्पेस स्टेशन, शुक्र ग्रह पर भी जाएगा भारत

लखनऊ : 10 May 2025

लखनऊ में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की ओर से आयोजित विशेष तकनीकी वार्ता में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक एस.के. पांडे ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा।

पांडे ने चंद्रयान-3 की सफलता और आदित्य एल- 1 मिशन की प्रगति का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन के मानवरहित परीक्षण शुरू हो चुके हैं। चंद्रयान- 4 के माध्यम से चंद्रमा से नमूने लाने की योजना है। भविष्य में चंद्र आधार बनाने की दिशा में भी काम चल रहा है।

भारतीय स्टार्टअप अंतरिक्ष तकनीकों पर काम कर रहे

शुक्रयान-1 मिशन के तहत शुक्र ग्रह के वातावरण और सतह का अध्ययन किया जाएगा। IN-SPACe पहल के अंतर्गत 100 से अधिक भारतीय स्टार्टअप अंतरिक्ष तकनीकों पर काम कर रहे हैं। इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नासा, ईएसए और जाक्सा जैसे संगठनों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है।

कार्यक्रम में प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए

कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डॉ. भरत राज सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इंजीनियर जे.बी पांडे , जी.एम पांडे, एस.के वर्मा सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इंजीनियर विनोद सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन किया और इंजीनियर वी.पी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

---

https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/lucknow/news/isro-scientist-told-indias-space-road-map-134995562.html